**शिक्षा :**

**97.** हमारी सरकार ने पिछले 4 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में कई structural improvements एवं innovations किये हैं। इस अवधि में ग्राम पंचायतों के 5 हजार 863 विद्यालयों को क्रमोन्नत किया गया है। राजकीय विद्यालयों में नामांकन में लगभग 12 लाख की वृद्धि हुयी है। पहले जहां केवल 48.9 प्रतिशत विद्यार्थी माध्यमिक से उच्च माध्यमिक कक्षाओं में प्रवेश करते थे, वहीं आज 74 प्रतिशत विद्यार्थी उच्च माध्यमिक कक्षाओं में प्रवेश ले रहे हैं।

**98.** हमने वर्ष 2015–16 के बजट में प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक विद्यालय को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में वर्ष 2017–18 में प्रथम चरण में 825 आदर्श विद्यालयों हेतु 2 हजार 475 additional class rooms के लिए ₹248 करोड़ 74 लाख की राशि उपलब्ध करवायी गयी है। वर्ष 2018–19 में द्वितीय चरण में 1 हजार 163 आदर्श विद्यालयों में 3 हजार 379 class rooms एवं toilets हेतु ₹360 करोड़ की राशि उपलब्ध करवायी जायेगी।

**99.** **आगामी वर्ष में विभिन्न श्रेणी के 1 हजार 832 विद्यालयों को क्रमोन्नत किया जायेगा।**

**100.** Mid-day Meal योजना में पहली बार राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के **विद्यार्थियों को सप्ताह में तीन बार दूध पोषाहार उपलब्ध करवाये जाने की घोषणा करती हूँ।** इस योजना का संचालन प्राथमिकता से पंचायत क्षेत्र के पंजीकृत महिला दुग्ध समितियों के माध्यम से किया जायेगा। **योजना पर ₹250 करोड़ का व्यय प्रस्तावित है।**

www.rajteachers.com



http://finance.rajasthan.gov.in

101. मैं यहां माननीय सदन को अवगत कराना चाहूँगी कि हमारे द्वारा विगत चार वर्षों में विभिन्न संवर्गों के कुल 67 हजार 961 शिक्षकों एवं कार्मिकों को नियुक्तियां प्रदान की गयी हैं तथा 1 लाख 9 हजार 622 शिक्षकों एवं कार्मिकों को पदोन्नत किया गया है।

102. आगामी वर्ष में, 54 हजार तृतीय श्रेणी अध्यापक, 9 हजार द्वितीय श्रेणी अध्यापक, 5 हजार व्याख्याता, 4 हजार 500 शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–3, एक हजार 500 संस्कृत शिक्षा अध्यापक, 1 हजार 200 प्रधानाध्यापक माध्यमिक विद्यालय, 1 हजार 200 प्रयोगशाला सहायक ग्रेड–3 एवं 700 पुस्तकालय अध्यक्ष सहित **कुल 77 हजार 100 रिक्त पदों पर भर्ती** किये जाने की घोषणा करती हूँ।

103. प्रदेश में आगामी वर्ष में 17 उपखंड मुख्यालयों अटरू–बारां, चौहटन–बाड़मेर, बिच्छीवाड़ा–डूंगरपुर, रानीवाड़ा–जालौर, बावड़ी, लूणी–जोधपुर, कनवास–कोटा, रायपुर–पाली, मावली–उदयपुर, बसेड़ी–धौलपुर, बासकृपाल नगर (किशनगढ़बास)–अलवर, रेवदर–सिरोही, भादरा–हनुमानगढ़, कामां, नदबई, नगर–भरतपुर तथा डूंगरगढ़–बीकानेर में नये राजकीय महाविद्यालय खोलने की घोषणा करती हूँ। इसके साथ ही, teaching faculty की कमी की तात्कालिक समस्या को दूर करने के लिए pay minus pension के आधार पर retired faculty की सेवायें ली जा सकेंगी।

104. कोटा मुख्यालय पर नवीन कृषि महाविद्यालय खोलने तथा अलवर जिले के नौगांवा कृषि अनुसंधान केन्द्र के परिसर में कृषि महाविद्यालय खोलने की घोषणा करती हूँ।

www.rajteachers.com



http://finance.rajasthan.gov.in

105. राजकीय कन्या महाविद्यालय चित्तौड़गढ़, रतनगढ़–चूरू, गुढ़ा गौड़जी (उदयपुरवाटी) झुंझुनू, औसियां–जोधपुर एवं शिवगंज–सिरोही के महाविद्यालयों को PG महाविद्यालयों में क्रमोन्नत करने की घोषणा करती हूँ।

106. हमने इस बजट में 17 उपखण्डों में नवीन कॉलेज खोलने की जो घोषणा की है एवं साथ ही, **नवीन कॉलेज भवन निर्माण को MLALAD के तहत अनुमत किया है**। मुझे उम्मीद है कि इनके भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार के साथ–साथ, स्थानीय विधायक और दानदाता सामने आयेंगे, जिससे कि ये कॉलेज शीघ्र प्रारंभ हो सकें।

107. राजकीय महाविद्यालयों में 5 वर्षों से अधिक की अवधि से self financing scheme के तहत संचालित UG एवं PG कक्षाओं के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायों के 64 विषयों के पाठ्यक्रमों को state financing में परिवर्तित करने की घोषणा करती हूँ। इस हेतु ₹ 11 करोड़ 41 लाख का प्रावधान किया जाना प्रस्तावित है।

108. 50 राजकीय महाविद्यालयों में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा एवं Rajasthan ILD Skills University, Jaipur के माध्यम से उद्यमिता एवं कौशल विकास के पाठ्यक्रम प्रारंभ कर प्रतिवर्ष 12 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। इसके लिए ₹ 3 करोड़ का प्रावधान प्रस्तावित है।

109. राजकीय महाविद्यालय निम्बाहेड़ा–चित्तौड़गढ़ में विज्ञान विषय, तारानगर–चूरू में इतिहास व समाज शास्त्र विषय एवं

www.rajteachers.com



http://finance.rajasthan.gov.in

टोडारायसिंह–टोंक में कला संकाय के नये विषय खोलने की घोषणा करती हूँ।

110. अच्छे एवं गुणवत्तापूर्ण fabrication हेतु सुन्दर design, अभिनव सोच का अपना महत्त्व है। ऐसी ही किसी सोच को मूर्त रूप देने के लिए मैं जोधपुर, बीकानेर और झालावाड़ में कुल 6 करोड़ रुपये की लागत से 3 फेबलैब (Fab Lab) की स्थापना की घोषणा करती हूँ। इनकी स्थापना से product prototyping, worker learning तथा product development को प्रोत्साहन मिलेगा।

111. मैं UPSC, RPSC एवं Rajasthan Subordinate and Ministerial Services Selection Board द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के साक्षात्कार में उपस्थिति हेतु प्रत्याशियों को RSRTC की बस में निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान करने की घोषणा करती हूँ।

112. आगामी वर्ष में समस्त राजकीय महाविद्यालयों में निःशुल्क wi-fi सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा करती हूँ।

113. मदरसों के आधुनिकीकरण के लिए मैं, आदर्श मदरसा योजना की घोषणा करती हूँ। इसके तहत पंजीकृत **'ए'** श्रेणी के 500 मदरसों का चयन कर मदरसों के आधुनिकीकरण पर ₹25 करोड़ 18 लाख खर्च किये जायेंगे।

**कौशल, रोजगार एवं युवा :**

114. नियमित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ जनजाति उपयोजना क्षेत्र के युवाओं को देने के लिए मैं **'कौशल प्रशिक्षण योजना'** की घोषणा करती हूँ। इसके तहत Entrepreneurship Development के

www.rajteachers.com